**Attachement 2.3**

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** सिमली से नाखोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.310 हे0 सिविल, 1.322 हे0 वन पंचायत, कुल 1.632 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 02/09/2019 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा सिमली से नाखोली तक मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री भाष्करानन्द सती, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री पीताम्बर जोशी , राजस्व उपनिरीक्षक असेड़ सिमली, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विनय झिंक्वाण, सहायक अभियन्ता, श्री आशीष चौहान, कनिष्ठ अभियन्ता अन्य दावेदारों की ओर से क्षेत्र पंचायत असेड़ सिमली तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान नाखोली के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 210 (मी0) नाप भूमि से, 300 (मी0) सिविल भूमि से, 1640 ( मी0) वन पंचायत से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.189 हे0 नाप भूमि, 0.310 हे0 सिविल, 1.322 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.632 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 55 वृक्ष काफल, बांज, उतीस, मेहल, सुरई, चीड़ प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 28 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 80 मी0 नाप भूमि, 2000 मी0 सिविल वन भूमि, 500 मी0 वन पंचायत भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.072 हे0 नाप भूमि, 1.50 हे0 सिविल, 0.390 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.890 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग **82** वृक्ष काफल, बांज, उतीस, मेहल, सुरई, चीड़ प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 34 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर काफल, बांज, उतीस, मेहल, सुरई, चीड़ प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.30 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 09′ 56.69″ उ0, 79 25′ 10.55″ पू0 है तथा यह स्थल सिमली से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल नाखोली है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 09′ 32.1″ उ0, 79 25′ 9.39″ पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 09′ 46.87″ उ0, 79 25′ 7.91″ पू0 / 30 09′ 41.54″ उ0, 79 25′ 8.84″ पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1, 2 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 09′ 58.84″ उ0, 79 25′ 11.83″ पू0 / 30 09′ 53.62″ उ0, 79 25′ 16.38″ पू0 / 30 09′ 37.6″ उ0, 79 25′ 8.51″ पू0 हैं।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली (चमोली)

(राजस्व विभाग प्रतिनिधि)

(वन विभाग प्रतिनिधि)

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग
गोपेश्वर

वन क्षेत्राधिकारी
पिण्डार रेंज
नारायणबगड़

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
थराली (चमोली)

उपजिलाधिकारी
थराली

THR (NBR)
तहसीलदार
नारायणबगड़